

सुश्री साईना नेहवाल

Ms. Saina Nehwal



पद्म भूषण

Padma Bhushan



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

सुश्री साईना नेहवाल

सुश्री साईना नेहवाल एक प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी हैं।

2. आपका जन्म 17 मार्च, 1990 को हुआ था। आपने जूडो कराटे में एक अल्प अवधि के पश्चात मोहम्मद एस एम आरिफ सर तथा श्री गोवर्धन रेड्डी के संरक्षण में बैडमिंटन खेल को चुना। बाद में आपने विभिन्न प्रसिद्ध खेल विभूतियों जैसे श्री पुलेला गोपी चन्द, श्री विकल कुमार, श्री सादिक, श्री अतीक, इन्डोनेशिया से श्री एडविन तथा श्री भास्कर बाबू से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

3. आपने 2008 में जूनियर वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक, कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 में स्वर्ण पदक तथा लंदन ओलम्पिक्स, 2012 में कांस्य पदक जीता। आपकी कप्तानी के अंतर्गत भारत ने पहली बार उबेर कप (विश्व चौम्पियनशिप), 2014 में कांस्य पदक तथा एशियन गेम्स इन्चोन कोरिया, 2014 में महिला टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। आपको बैडमिंटन विश्व फेडरेशन द्वारा वर्ष 2010 में विश्व की सर्वोत्तम खिलाड़ी चुना गया। वर्ष 2008 के दौरान आप विश्व के सर्वोत्तम 10 खिलाड़ियों के वर्ग में आ गईं तथा आपने इस वर्ग में अब तक अपना स्थान बनाए रखा है तथा अप्रैल, 2015 में आप विश्व में नम्बर एक के स्थान में आ गई। आप भारत से विश्व में नम्बर 1 में आने वाली पहली महिला थी तथा वर्ष 2010 में बैडमिंटन में विश्व में नम्बर 2 स्थान पर थीं।

4. आपने 9 (नौ) ग्रान्ड प्रिक्स टूर्नामेन्ट (फिलिपीन्स 2006, ताइपेई 2008, भारत 2009, 2010, 2014 तथा 2015 स्विस 2010 तथा 2011, थाईलैंड 2012) 7 सुपर सिरीज टूर्नामेन्ट (हांग कांग 2010, सिंगापुर 2010, इंडोनेशिया 2009, 2010, 2012 आस्ट्रेलिया 2014 तथा भारत 2015) तथा 3 सुपर सिरीज प्रीमियर टूर्नामेन्ट (डेन्मार्क 2012, इंडोनेशिया 2012, चाइना 2014) जीते हैं। मलेशिया ग्रान्डप्रिक्स 2012 तथा फ्रांस सुपर सिरीज 2012 में आप रनर–अप थी तथा सुपर सिरीज प्रीमियर फाइनल 2012 में आप रनर थी और ऐसा करने वाली आप प्रथम भारतीय महिला थी।

5. आप ऑल इंग्लैण्ड सुपर सिरीज प्रीमियम, 2015 के फाइनल में पहुंचने वाली प्रथम भारतीय महिला हैं। आपने 2015 में ऑल इंग्लैण्ड टूर्नामेंट तथा विश्व चौम्पियनशिप में रजत पदक जीता। आपने राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप दो बार वर्ष 2007 तथा 2008 में जीती। आपने गुवाहाटी, असम में 2007 में आयोजित भारतीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2002 में 15 वर्ष की आयु, वर्ष 2004 में 14 वर्ष की आयु तथा वर्ष 2004 एवं 2005 में 19 वर्ष के नीचे आने वाले आयु वर्ग में आप जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियन थीं।

6. आप भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की ब्रांड एम्बेसडर तथा डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन के साथ संयुक्त रूप से आई सी आर आई एस ए टी पाटनचेरू, हैदराबाद की गुडविल एम्बेसडर हैं।

7. आपको विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया है जिसमें वर्ष 2009 में अर्जुन पुरस्कार, राजीव खेल रत्न पुरस्कार 2010, पद्म श्री पुरस्कार 2010, आंध्र गौरव पुरस्कार 2008, युद्धवीर पुरस्कार 2012 तथा एफ आई सी सी आई द्वारा हैदराबाद चैप्टर का 'वुमन ऑफ द डिकेड' पुरस्कार शामिल है। आपको एन डी टी वी द्वारा वर्ष 2009 के लिए सी एन एन आई बी एन द्वारा 2010 के लिए वर्ष के खेल व्यक्तित्व तथा 2015 में टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा यूथ आइकन स्पोर्टस की उपाधि प्रदान की गई। आपको माई परफॉरमेन्स इन स्पोर्टस' के लिए वर्ष 2012 में मंगलयातन विश्वविद्यालय द्वारा डी.लिट डिग्री (ऑनर्स क्यूसा) प्रदान की गई।

Ms. Saina Nehwal

Ms. Saina Nehwal is a renowned badminton player.

2. Born on 17th March 1990, Ms. Nehwal, after a brief stint in Judo Karate, opted for badminton under the tutelage of Md. S. M. Arif sir and Goverdhan Reddy in 2000 . She later got training by various prominent sportspersons including Shri Pullela Gopi Chand, Sh. Vimal Kumar, Sh. Sadik, Shri Atik, Shri Edwin from Indonesia and Sh. Bhaskar Babu.

3. Ms. Nehwal won a gold medal in junior world cup in 2008, a gold medal in Common wealth Games 2010, and a bronze medal in London Olympics 2012. Under her captainship India won for the first time a bronze medal in Uber cup (world championship) 2014 and a bronze medal in Asian Games, Inchon Korea 2014 in women team event. She was adjudged as best player in the world in 2010 by Badminton World Federation. She joined the bracket of top 10 players of badminton in the world during 2008 and maintained her place in that class till now and also became world number one in April 2015, the first woman from India in Badminton to be on top and world number 2 in badminton in 2010.

4. Ms. Nehwal won 9 grand Prix gold tournaments (Philippines 2006, Tai Pei 2008, India 2009, 2010, 2014 and 2015, Swiss 2010 and 2011, Thailand 2012), 7 super series tournaments (Hong Kong 2010, Singapore 2010, Indonesia 2009, 2010, 2012, Australia 2014 and India 2015) and 3 super series premier tournaments (Denmark 2012, Indonesia 2012, China 2014). She was runners up in Malaysia grand prix 2012 and France super series 2012 and was the runners of Super series premier finals in 2012 being the first Indian woman.

5. Ms. Nehwal is the first Indian woman to reach the finals of All England super series premium 2015.She won the silver medal in the All England tournament and world championship in 2015.She won National badminton championship twice in 2007 and 2008. She won a gold medal in Indian games in 2007 held at Guwahati, Assam. She was the junior national champion under 13 yrs in 2002, under 15 years in 2004 and under 19 years in 2004 and 2005.

6. Ms. Nehwal is the brand ambassador of Indian Council of Agricultural Research, New Delhi and Ambassador of goodwill of ICRISAT Pattancheru Hyderabad jointly with Dr M. S. Swaminathan .

7. Ms. Nehwal was bestowed with several awards including Arjuna award in 2009, Rajiv Khel Ratan award 2010, Padma Shree in 2010, Andhra Gaurav award 2008, Yudhveer award 2012 and woman of the decade in sports 2013 Hyderabad Chapter by FICCI. She was also adjudged as the sports person of the year 2009 by NDTV, 2010 by CNN IBN and Youth Icon sports by Times of India in 2015. She was awarded D. lit degree (Honours couisa) by Mangalayatan University, Aligarh in 2012 for my performance in sports.